Bareilly, Saturday, 8 February 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 04, MIDDLE

**● दीक्षांत :**

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी का दीक्षांत समारोह श्रीराममूर्ति शतिक सभागार में सुबह 10:50 बजे से.

PAGE NO, 06, MIDDLE

# एसआरएमएस में आज होगा दीक्षांत समारोह

## 372 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाएगी उपाधि : डॉ. प्रभाकर

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (7 Feb):** श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी ( एसआरएमएस सीईटी) बरेली में शनिवार को श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट महाविद्यालयों का 24वां दीक्षा समारोह मनाया जाएगा. बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए के सत्र 2023-24 में उत्तीर्ण छात्रों को उपाधि, प्रशस्ति पत्र एवं पदक वितरित किया जाएगा. डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति शिक्षाविद प्रो. जय प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में होने वाले इस दीक्षांत समारोह में टाटा कंसलटेंसी सर्विस लखनऊ के डिलीवरी सेंटर हेड अमिताभ तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. मैकएफी इंक बंगलुरू के डायरेक्टर आफ डाटा इंजीनियरिंग इं. कुशवाह मनीष कौशल बतौर विशिष्ट अतिथि विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे. यह जानकारी श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालोजी के प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता ने दी. उन्होंने बताया कि समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए महाविद्यालय द्वारा दस कमेटियों का गठन किया गया है. महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को विशेष रूप से दीक्षा समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है. श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी कोर्स के कम्प्यूटर साइंस, इन्फार्मेशनन टेक्नोलाजी, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रीकल एंड इलेक्ट्रानिक्स, मैकेनिकल इंजीनियरिंग व अन्य के लगभग 372 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी.